MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Record Note of discussion held on 16.09.2021 in the Meeting Room of Personnel Branch.

आरेडिका रायबरेली में समूह 'ग' में पदोन्नति हेतु आयोजित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु दिनांक-16.09.2021 को 11.00 बजे कार्मिक विभाग के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

2. बैठक में कार्मिक विभाग से प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, व मुख्य कर्मचारी एवं हित निरीक्षक तथा AIOBCEA से स्टॉफ प्रतिनिधि श्री सत्येन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष, श्री रंजन कुमार सदस्य, AISCSTREA से श्री देवनाथ निर्मल महासचिव, MCFMS से श्री सुशील गुप्ता महासचिव, RCFEU से श्री तेजपाल सिंह महासचिव, श्री हरिकेश कोषाध्यक्ष, RCFMC से श्री नैब सिंह महासचिव, व RCFMU से श्री रोहित मिश्रा संगठन मंत्री, तथा सभी संगठन से एक-एक सदस्य उपस्थित हुए।

3. बैठक के दौरान विभागीय पदोन्नति हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका का मूल्याकंन करने से पूर्व प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजी को आरेडिका वेबसाइट पर अपलोड किये जाने तथा संबंधित परिक्षार्थियों से 48 घंटे के अन्दर उत्तर कुंजी में किसी त्रुटि पर आपत्ति दर्ज कराने के विषय पर चर्चा की गई।

4. सभी स्टॉफ प्रतिनिधियों ने कार्मिक विभाग की इस पहल का स्वागत किया तथा प्रस्ताव पर सर्व-सहमति प्रदान की।

5. उपरोक्तानुसार भविष्य में होने वाली सभी विभागीय पदोन्नति हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका का मूल्याकंन करने से पूर्व प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजी आरेडिका वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी तथा संबंधित परिक्षार्थियों से 48 घंटे के अन्दर उत्तर कुंजी में किसी त्रुटि/विसंगति पर आपत्ति दर्ज कराने हेतु अभ्यावेदन आमंत्रित किये जायेंगे।

6. उत्तर कुंजी में किसी त्रुटि/विसंगति पर दर्ज आपत्ति को प्रश्न पत्र तैयार करने वाले अधिकारी को प्रेषित कर प्राप्त संशोधित उत्तर कुंजी आरेडिका वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के उपरान्त मूल्यांकन अधिकारी द्वारा मूल्यांकन सुनिश्चित किया जायेगा।

23.09.21
उपमुकाधि

प्रधान मुकाधि
23/9